कार्यालय–अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आदेशांक–वा0क0अधि0 / दस–1(क) / आह0वि0 / — / 2024::लखनऊ:जून, 18 ,2024

::–आदेश–::

मुख्यालय के परिपत्र सं0–2114 / 2020 दिनांक 19.08.2020 द्वारा वाणिज्य कर अधिकरण के अधिष्ठान के अन्तर्गत प्रभारी अधिकारियों को नामित किये जाने की व्यवस्था दी गयी हैं।

सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–मुरादाबाद का पद रिक्त होने पर सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–बरेली तथा सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–बरेली का भी पद रिक्त होने पर मुख्यालय के परिपत्र दिनांक 19.08.2020 के अनुसार सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–1 मेरठ को प्रभारी बनाये जाने की व्यवस्था है।

अतः सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–मुरादाबाद के पत्र संख्या–167 / 2024 दिनांक 30.05.2024 पर सम्यक् विचारोपरान्त सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–1 मेरठ को सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–मुरादाबाद में पीठासीन अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने तक आहरण एवं वितरण अधिकारी तथा जनसूचना अधिकारी का कार्य सम्पादित करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है तथा ये भी अवगत कराना है कि कार्यभार ग्रहण की तिथि से एक सप्ताह के भीतर जन सूचना अधिकारी का आनलाईन यूजर आई0डी0 व पास वर्ड हेतु अधिकारी का पता, मोबाइल नम्बर, अधिकारी का आधार कार्ड एवं ईमेल–आईडी मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चिति करें।

ह0 / 18.06.2024
(रणधीर सिंह)
एच0जे0एस0
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन सं0–वा0क0अधि0 / दस–1(क) / आह0वि0 / 2017 / 2024 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–मुरादाबाद।
2. सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–1 मेरठ।
3. कोषाधिकारी, मुरादाबाद।
4. वरिष्ठ सहायक (लेखा), पीठ–मुरादाबाद।
5. वेब अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि नामित जन0सू0अधि0 का विवरण प्राप्त होने पर यूजर आईडी और पासवर्ड जारी करें।
6. सम्बन्धित अधिकारी एवं व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

ह0 / 18.06.2024
(रणधीर सिंह)
एच0जे0एस0
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

आज्ञा से,

(तरुण कुमार)
निबन्धक, वाणिज्य करअधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।